रजिस्ट्रार ऑफ हिन्दू मैरिजेज (जिला कलक्टर) जयपुर

पीठासीन अधिकारी डॉ॰ जितेन्द्र कुमार सोनी आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या 158/2024 (विविध प्रार्थना पत्र)

प्रार्थना पत्र मिश्का कुनाल सजनानी रमेश उर्फ दीप्ति पुत्री श्री रमेश मंगनानी स्थाई पता एफ–41, हरिराज भवन, बनीपार्क जयपुर, अस्थाई पता– कार्यरत दुबई।

दुबई पर्सनल स्टेट्स कोर्ट दुबई, यू ए ई द्वारा जारी तलाक डिकी दिनांक 04.01.2024 को विवाह पंजीयन में दर्ज कराने बाबत ।

Hindu Marriages (India) Collector, Jaipur, Raj. सत्यमेव जयते

उपस्थितः–

श्री गणेश यादव अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से ।

आदेश **दिनांक 05.05.2025**

1. संक्षेप में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थिया ने दुबई पर्सनल स्टेट्स कोर्ट दुबई द्वारा जारी डाईवर्स डिकी 5142/2024 दिनांक 04.01.2024 की प्रति पेश कर रिकार्ड पर लेने का अनुरोध किया है।
2. प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया । प्रार्थिया के अधिवक्ता को गौर से सुना गया।
3. प्रार्थिया के अधिवक्ता ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों को दोहराते हुये कथन किया कि प्रार्थिया ने कुनाल सजनानी हरीश सजनानी निवासी एफ–41, हरि राजभवन, बनीपार्क, घीया मार्ग, जयपुर राजस्थान के साथ हिन्दू रिति रिवाजों के अनुसार दिनाक 19.11.2010 को शादी की थी, जिसका रजिस्ट्रार ऑफ हिन्दू मैरिज के यहा हिन्दू मैरिज एक्ट 1955 के तहत कम संख्या 282/2010 पर रजिस्ट्रेशन किया जाकर सर्टिफिकेट जारी किया गया था। शादी के बाद प्रार्थिया अपने पति के साथ यू ए ई चली गई और आमतौर पर दुबई में पति पत्नि साथ रह रहे थे। वहां पर पति पत्नि के मध्य विवादो एवं मतभेदों को देखते हुये आपसी सहमति से अपने विवाहिक सम्बन्धों को समाप्त करने पर सहमत हुये। दिनांक 08.03.2023 को एक समझौता किया और प्रार्थिया व उक्त कुणाल सजनानी के बीच बिवाह को भंग करने की मांग करते हुए दुबई पर्सनल स्टेट्स कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और दुबई पर्सनल स्टेटस कोर्ट ने दिनांक 04.01.2024 को तलाक प्रमाण पत्र संख्या 5142/2024 जारी कर दिया । दुबई न्यायालय द्वारा प्रमाणित समझोता पत्र व सहमति से प्राप्त तलाक की डिकी संख्या 5142/2024 दिनांक 04.01.2024 संलग्न कर अनुरोध है कि सिविल प्रकिया संहिता 1908 की धारा 14 एवं न्यायिक दृष्टान्त 2019 (4) Khc 39 Kerala High Court A. Muhames Mustsque, के अनुसार दुबई पर्सनल स्टेट्स कोर्ट दुबई द्वारा जारी डाईवर्स डिकी संख्या 5142/2024 दिनांक 04.01.2024 को आपके कार्यालय द्वारा बनाये गये विवाह पंजीयन रजिस्टर में दर्ज कराया जावे।
4. प्रार्थी के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन एवं अध्ययन किया गया।

Registrar of Hindu Marriages
(District Collector)
Jaipur Rajasthan (India)

Scanned with OKEN Scanner

5. प्रार्थिया दीप्ति व उसके पति कुनाल सजनानी द्वारा हिन्दू मैरिट एक्ट के तहत दिनांक 19.11.2010 को विवाह सम्पन्न कर विवाह के पंजीयन हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 25.11.2010 को इस कार्यालय के कम संख्या 282/2010 पंजीकृत किया गया है। जिसमें दुबई पर्सनल स्टेट्स कोर्ट दुबई द्वारा सहमति के आधार पर जारी डाईवर्स डिकी संख्या 5142/2024 को विवाह पंजीयन रजिस्टर में अंकन किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थिया द्वारा अपने कथनों के समर्थन में जो न्यायिक दृष्टान्त पेश किये गये है उनसे हम सहमत है। फलस्वरूप प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है ।

6. पर्सनल स्टेट्स कोर्ट दुबई द्वारा सहमति के आधार पर जारी डाईवर्स डिकी 5142/2024 दिनांक 04.01.2024 का इन्द्राज हिन्दू विवाह पंजीयन रजिस्टर/प्रमाण पत्र पर किये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति हस्व कायदा जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम हो कर शुमार फैसल हो।

7. आदेश आज दिनांक **05.05.2025** को सरे इजलास सुनाया गया।

(डॉ॰ जितेन्द्र कुमार सोनी)

Registrar of Hindu Marriages
(District Collector)
Jaipur Rajasthan (India)